SUPREME AUDIT INSTITUTION OF INDIA
लोकहितार्थ सत्यनिष्ठा
Dedicated to Truth in Public Interest

लेखे एक दृष्टि में
2023-24

छत्तीसगढ़ शासन

लेखे एक दृष्टि में

2023–24

छत्तीसगढ़ शासन

प्राक्कथन

वर्ष 2023–24 के वार्षिक प्रकाशन 'लेखे एक दृष्टि में' को प्रस्तुत करते हुए मैं प्रसन्न हूँ, जो वित्त लेखे और विनियोग लेखे में परिलक्षित शासन के गतिविधियों का विहंगावलोकन दर्शाता है।

वित्त लेखे में समेकित निधि, आकस्मिक निधि और लोक लेखे के अन्तर्गत लेखों की विवरणियों का सार होता है। विनियोग लेखे के अंतर्गत राज्य विधानसभा द्वारा अनुमोदित बजट प्रावधानों के विरूद्ध किये गये अनुदान वार व्यय अंकित किये जाते हैं तथा प्रावधानिक निधियों एवं वास्तविक व्यय के मध्य अंतर का स्पष्टीकरण प्रस्तुत किए जाते हैं।

वित्त एवं विनियोग लेखे भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के निर्देशों के अधीन नियंत्रक–महालेखापरीक्षक के (कर्तव्यों, शक्तियों और सेवा शर्तें) अधिनियम, 1971 की अपेक्षाओं के अनुसार राज्य के विधानसभा के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के पूर्व मेरे कार्यालय द्वारा तैयार किये जाते हैं।

प्रकाशन को सार्थक बनाने हेतु हमें आपके सुझावों की प्रतीक्षा है।

(मो. फ़ैज़ान नैय्यर)
महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी)
छत्तीसगढ़

स्थानः रायपुर
दिनांकः 25 नवम्बर 2024

हमारा दृष्टिकोण, लक्ष्य एवं आन्तरिक मूल्य

दृष्टिकोण:

(भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक संस्था का दृष्टिकोण हमारी भावी महत्वाकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करता है)।

हम सार्वजनिक क्षेत्र की लेखा परीक्षा और लेखा में एक वैश्विक अग्रज और राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सर्वोत्तम विधाओं के सर्जक बनने का प्रयास करते हैं और सार्वजनिक वित्त तथा शासन पर स्वतंत्र, विश्वसनीय, संतुलित और समय पर रिपोर्टिंग के लिए मान्यता प्राप्त है।

मिशन:

(हमारा लक्ष्य हमारी वर्तमान भूमिका को प्रतिपादित एवं हम आज जो कर रहे हैं, उसे उल्लिखित करता है)।

भारत के संविधान द्वारा आदेशित, हम उच्च गुणवत्ता की लेखा परीक्षा और लेखांकन के माध्यम से जवाबदेही, पारदर्शिता और सुशासन को बढ़ावा देते हैं और अपने हितधारकों– विधानमंडल, कार्यकारी और जनता–जिनके धन का उपयोग दक्षता पूर्वक इच्छित उद्देश्यों के लिए किया जा रहा है, को स्वतंत्र आश्वासन प्रदान करते हैं।

कोर मूल्य:

(हमारा मूलमंत्र हमारे द्वारा किये गये सभी कार्य जो मार्गदर्शक प्रकाश स्तम्भ है तथा हमारे प्रदर्शन का आकलन करने के लिए मानक होते हैं)।

- स्वतंत्रता
- निष्पक्षता
- अखंडता
- विश्वसनीयता
- व्यावसायिक उत्कृष्टता
- पारदर्शिता
- सकारात्मक पहल

विषय सूची

पृष्ठ संख्या

	प्राक्कथन	iii
	हमारा दृष्टिकोण, लक्ष्य एवं आंतरिक मूल्य	v
अध्याय–I	**अधिदृष्टि**	
1.1	भूमिका	1
1.2	सरकारी लेखों की संरचना	1
1.3	वित्त लेखे एवं विनियोग लेखे	3
1.4	निधियों के स्त्रोत एवं अनुप्रयोग	5
1.5	राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन (एफ.आर.बी.एम.) अधिनियम, 2005	7
अध्याय– II	**प्राप्तियाँ**	
2.1	भूमिका	9
2.2	राजस्व प्राप्तियां	9
2.3	कर राजस्व	11
2.4	कर वसूली पर लागत	13
2.5	संघीय करों में राज्य के अंश का पिछले पाँच वर्षों का रूझान	14
2.6	सहायता अनुदान	14
2.7	लोक ऋण	15
2.8	पिछले पाँच वर्षो के दौरान निवल लोक ऋण का रूझान	16
2.9	उधार की निधियाँ तथा पूंजीगत व्यय	16
अध्याय– III	**व्यय**	
3.1	भूमिका	17
3.2	राजस्व व्यय	17
3.3	पूंजीगत व्यय	19
3.4	प्रतिबद्ध व्यय	21
अध्याय–IV	**विनियोग लेखे**	
4.1	वर्ष 2023–24 के विनियोग लेखे का सारांश	22
4.2	विगत पाँच वर्षों में बचत/आधिक्य का रूझान	22
4.3	महत्वपूर्ण बचतें	23
4.4	अनावश्यक सिद्ध हुए अनुपूरक अनुदान/विनियोग	23
4.5	व्यय का अतिरेक	26

पृष्ठ संख्या

अध्याय–V	**परिसम्पत्तियां तथा दायित्व**	
5.1	परिसम्पत्तियां	28
5.2	ऋण तथा देनदारियां	28
5.3	प्रतिभूतियां	29
5.4	सेवानिवृत्ति हितलाभों का दायित्व	30
अध्याय–VI	**अन्य मदें**	
6.1	आंतरिक ऋणों के अधीन प्रतिकूल शेष	31
6.2	राज्य सरकार द्वारा दिए गए ऋण एवं अग्रिम	31
6.3	स्थानीय निकायों एवं अन्य को वित्तीय सहायता	31
6.4	रोकड़ शेष एवं रोकड़ शेष का निवेश	32
6.5	लेखों का पुनर्मिलान	32
6.6	लेखे प्रतिपादन इकाईयों द्वारा लेखाओं का प्रस्तुतीकरण	33
6.7	असमायोजित संक्षिप्त आकस्मिक व्यय बिल (एसी)	33
6.8	उचंत तथा प्रेषण अवशेषों की स्थिति	34
6.9	शेष उपयोगिता प्रमाणपत्र की स्थिति	34
6.10	विगत पाँच वर्षों में सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जी.एस.डी.पी.)	34
6.11	अपूर्ण पूंजीगत निर्माण कार्यों के कारण प्रतिबद्धता	35
6.12	व्यक्तिगत जमा खातों (पी.डी.) में धन का स्थानान्तरण	35
6.13	निवेश	36
6.14	आरक्षित निधि की स्थिति	36

अध्याय–I

अधिदृष्टि

1.1 भूमिका

प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) छत्तीसगढ़, विभिन्न एजेंसियों से प्राप्त आँकड़ों को परितुलित, वर्गीकृत एवं संकलित करता है और छत्तीसगढ़ शासन के लेखे तैयार करता है। यह संकलन 34 कोषालयों, 157 लोक निर्माण संभागों (58 भवन एवं सड़क विकास संभाग, 37 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी संभाग, 62 जल संसाधन संभागों), 55 वन संभागों, 63 ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभागों, अन्य राज्यों/लेखा कार्यालयों द्वारा प्रस्तुत प्रारंभिक लेखाओं तथा भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा दी गई सूचनाओं के आधार पर तैयार किया जाता है। कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) द्वारा छत्तीसगढ़ शासन के समक्ष प्रतिमाह मासिक सिविल लेखा प्रस्तुत किया जाता है। कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) सरकार के महत्वपूर्ण वित्तीय संकेतकों और व्यय की गुणवत्ता पर एक त्रैमासिक मूल्यांकन नोट भी प्रस्तुत करता है। प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) वार्षिक वित्त लेखे एवं विनियोग लेखे भी तैयार करता है जिसे प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा), छत्तीसगढ़ द्वारा लेखापरीक्षा उपरांत तथा भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के प्रमाणीकरण के पश्चात् राज्य विधानमंडल के समक्ष रखा जाता है।

1.2 सरकारी लेखों की संरचना

1.2.1 सरकारी लेखे तीन भागों में तैयार किये जाते हैं

सरकारी लेखों की संरचना	
भाग–1 **समेकित निधि**	कर तथा गैर कर राजस्वों सहित सरकार के सभी राजस्वों, उठाये गये ऋण एवं दिये गये ऋणों की अदायगी (उन पर ब्याज सहित) समेकित निधि में जमा होते हैं। ऋणों की अदायगी तथा लिये गये ऋणों की वापसी (ब्याज सहित) सरकार के समस्त खर्चों तथा संवितरणो को इस निधि से वहन किया जाता है।
भाग–2 **आकस्मिकता निधि**	आकस्मिकता निधि एक अग्रदाय स्वरूप की है, जो अप्रत्याशित–व्यय (जिनका बजट में प्रावधान नही किया गया हो) की पूर्ति हेतु अग्रिम खाते के रूप में कार्य करती है। इस निधि से किये गये किसी भी व्यय के लिए विधानसभा से बाद में अनुमोदन की आवश्यकता होती है तथा निकाली गई राशि की प्रतिपूर्ति समेकित निधि से की जाती है। छत्तीसगढ़ सरकार की इस निधि हेतु कायिक राशि ₹ 100.00 करोड़ है।
भाग–3 **लोक लेखे**	लोक लेखे में ऋण (भाग 1 में शामिल ऋणों के अलावा), जमा, अग्रिम, प्रेषण तथा उचंत से संबंधित लेन–देन को दर्ज किया जाता है। इस भाग में ऐसे ऋण, जमा तथा अग्रिम शामिल हैं जिनके संबंध में सरकार धन वापिस देने का दायित्व लेती है या भुगतान की गई राशियों को वसूल करने का दावा कर सकती है (ऋण तथा जमा की अदायगियों और अग्रिमों की वसूली सहित)। प्रेषण तथा उचंत केवल समायोजन शीर्ष हैं जिन में कोषालयों और मुद्रा चेस्ट के बीच नकदी के प्रेषण तथा विभिन्न लेखा परिमण्डलों के बीच हस्तान्तरण को लिया जाता है। इन शीर्षों में प्रारम्भिक नामे व जमा का निपटान, बाद में उसी या किसी दूसरे परिमण्डल में सदृश प्राप्ति या अदायगी के द्वारा अथवा लेखा के अंतिम शीर्षों में बुक करके किया जाता है।

1.2.2 लेखों का संकलन

लेखा संकलन हेतु प्रवाह आरेख
आगत
कोषालयों से प्राप्त मासिक लेखा (अदायगियों की अनुसूची, भुगतान अनुसूची, प्रमाणक, रोकड़ लेखा, प्राप्तियों की अनुसूची) लोक निर्माण मण्डल, जल संसाधन मण्डल, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मण्डल, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा मण्डल, ग्रामीण विकास विभाग, सड़क विकास मंडल एवं वन मण्डल से प्राप्त संकलित लेखे
वेतन एवं लेखा कार्यालयों, अन्य महालेखाकारों एवं भारतीय रिजर्व बैंक से प्राप्त समाशोधन ज्ञापन, आवक/जावक समायोजन लेखे
राज्य वित्त विभाग से प्राप्त बजट आंकड़े
कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी)
कोषालय आंकड़ों की वैधता
समेकित आंकड़ों की वैधता
निधि के पुनर्विनियोग तथा समर्पण पर बजट दस्तावेज एवं सूचना की वैधता
प्रक्रियान्वयन
उत्पाद
वार्षिक वित्त एवं विनियोग लेखे
लेखे एक दृष्टि में
मासिक कूंजी संकेतक
मासिक सविल लेखा
मासिक विनियोग लेखा
प्रबंधन सूचना प्रणाली रिपोर्ट, व्यय एवं त्रैमासिक मूल्यांकन टीप पर विवरणें

1.3 वित्त लेखे एवं विनियोग लेखे

1.3.1 वित्त लेखे

वित्त लेखे में, लेखाओं में अभिलेखित राजस्व तथा पूंजीगत लेखाओं, लोक ऋण तथा लोक लेखा शेषों द्वारा उजागर वित्तीय परिणामों के साथ–साथ उस वर्ष में सरकार की प्राप्तियां तथा संवितरण इंगित किये जाते है। वित्त लेखे को ज्यादा व्यापक तथा सूचनात्मक बनाने के लिए, इन्हें दो खण्डों में तैयार किया गया है। वित्त लेखे के खण्ड–I में, भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक का प्रमाण पत्र, सकल प्राप्तियों तथा संवितरणों की सारांश विवरणियां एवं महत्वपूर्ण लेखाकरण नीतियों, लेखाओं तथा अन्य मदों की गुणवत्ता को समाहित करती 'वित्त लेखाओं पर टिप्पणियां' का समावेश किया जाता है। खण्ड–II के अंतर्गत, विस्तृत विवरणियां (भाग–I) तथा परिशिष्ट (भाग–II) समावेश किए जाते हैं।

वर्ष 2023–24 के दौरान, लोक वित्त प्रबंधन संस्थान पोर्टल के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा केन्द्रीय सहायता के रूप में राज्य आयोजना में ₹ 13,376.11 करोड़ हस्तांतरित किया गया, जिसमें ₹ 8,051.05 करोड़ राज्य को सीधा आबंटित किया गया, ₹ 12,411.41 करोड़ का प्रत्यक्ष तौर पर भुगतान विभिन्न कियान्वयन अभिकरणों/अशासकीय संगठनों को किया गया जिनके लिए बजट में कोई प्रावधान नहीं था एवं ₹ 561.39 करोड़ राज्य में स्थित केन्द्रीय निकायों एवं साथ ही साथ अन्य विभिन्न संगठनों को आबंटित किया गया तथा जिनके लिए भी राज्य बजट में कोई व्यवस्था नहीं थी। इसप्रकार ₹ 12,972.80 करोड़ (₹ 12,411.41 करोड़ + ₹ 561.39 करोड़) को राज्य लेखे में नहीं दर्शाया गया है। ये हस्तांतरण वित्त लेखे के खंड–2 के परिशिष्ट–VI में प्रदर्शित किए गए हैं।

1.3.2 वर्ष 2023–24 की वित्तीय झलकियां

वर्ष 2023–24 के वास्तविक वित्तीय परिणाम के साथ–साथ बजट अनुमानों को निम्नलिखित सारणी में दर्शाया गया हैः–

(₹ करोड़ में)

क्र.सं.	मद	बजट अनुमान 2023–24	वास्तविक आंकड़े 2023–24	वास्तविक आंकडों का प्रतिशत बजट अनुमान से	वास्तविक आंकडों का प्रतिशत स.रा.घ.उ.[1]से
1	कर राजस्व[2]	72,800.73	77,268.10	106.14	15.27
2	गैर कर राजस्व	18,200.00	15,147.97	83.23	2.99
3	सहायता अनुदान तथा अंशदान	15,000.00	11,092.13	73.95	2.19
4	**राजस्व प्राप्तियां (1+2+3)**	**1,06,000.73**	**1,03,508.20**	**97.65**	20.46
5	ऋण तथा अग्रिमों की वसूलियां	300.00	24.96	8.32	0.00
6	उधार और अन्य दायित्व	15,200.00	26,933.03[3]	177.19	5.32
6अ	पूंजीगत प्राप्तियां	0.00	5.66[4]	———	0.00
7	**पूंजीगत प्राप्तियां (5+6+6अ)**	**15,500.00**	**26,963.65**	**173.96**	**5.33**
8	**कुल प्राप्तियां (4+7)**	**1,21,500.73**	**1,30,471.85**	**107.38**	**25.79**
9	**राजस्व व्यय**	**1,02,500.70**	**1,14,740.96**	**111.94**	**22.68**
10	**पूंजीगत व्यय**	**18,999.55**	**15,730.89[5]**	**82.80**	**3.11**
11	**कुल व्यय (9+10)**	**1,21,500.25**	**1,30,471.85**	**107.38**	**25.79**
12	**राजस्व घाटा/आधिक्य {4–9}**	**3,500.03**	**(–)11,232.76**	**(–)420.93**	**2.22**
13	**राजकोषीय घाटा {4+5+6अ–11}**	**(–)15,199.52**	**(–)26,933.03**	**(–)177.20**	**5.32**

[1] ₹ 5,05,886.51 करोड़ के स.रा.घ.उ. के आंकड़ें आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा उपलब्ध कराए गए हैं।

[2] संघीय करों के राज्यांश की राशि ₹ 38,481.88 करोड़ तथा राज्य के स्वयं के कर राजस्व ₹ 38,786.22 करोड़ सम्मिलित हैं।

[3] उधार एवं अन्य दायित्व ₹ 26,933.03 करोड़ में निवल लोक ऋण (₹ 29,936.76 करोड़), निवल आकस्मिकता निधि (₹ –13.47 करोड़), निवल लोक लेखा (₹ –3,011.49 करोड़) एवं निवल रोकड़ शेष (₹ 21.23 करोड़) सम्मिलित है।

[4] पूंजीगत प्राप्तियों में पूंजीगत प्राप्ति का ₹ 5.01 करोड़ एवं अर्न्तराज्यीय समाशोधन का (–) ₹ 0.65 करोड़ शामिल है।

[5] पूंजीगत व्यय ₹ 15,730.89 करोड़ में निवल पूंजीगत व्यय (₹ 15,418.93 करोड़), ऋण एवं अग्रिम (₹ 311.50 करोड़) तथा अंतर्राज्यीय समाशोधन (₹ 0.46 करोड़) सम्मिलित है।

वर्ष 2023–24 के दौरान, ₹ 11,232.76 करोड़ का राजस्व घाटा (2022–23 में ₹ 8,592.11 करोड़ का आधिक्य) एवं ₹ 26,933.03 करोड़ का राज–कोषीय घाटा (2022–23 में ₹ 4,691.21 करोड़ का घाटा) दर्शाता है कि यह सकल राज्य घरेलू उत्पाद का क्रमशः 2.22 प्रतिशत एवं 5.32 प्रतिशत है। राजकोषीय घाटा कुल व्यय का 20.64 प्रतिशत रहा।

1.3.3 वर्ष 2023–24 में प्राप्तियां एवं संवितरण

वित्त लेखे 2023–24 में वर्णित छत्तीसगढ़ शासन के प्राप्तियों एवं संवितरण का विवरण निम्नानुसार है:

(₹ करोड़ में)

प्राप्ति (कुलः ₹1,30,471.85)	***राजस्व*** **(कुलः ₹ 1,03,508.20)**	**कर राजस्व**	**77,268.10**
		(अ) स्वयं के कर राजस्व	38,786.22
		(ब) करों की निवल आय का हिस्सा	38,481.88
		करेत्तर राजस्व	**15,147.97**
		सहायता अनुदान	**11,092.13**
	पूंजीगत **(कुलः ₹ 26,963.65)**	**पूंजीगत प्राप्तियां**	**5.01**
		ऋण तथा अग्रिम की वसूलियां	**24.96**
		उधार एवं अन्य दायित्व(*)	**26,933.03**
		अन्तर्राज्यीय समाशोधन	**0.65**
संवितरण (कुलः ₹1,30,471.85)	**राजस्व**		**1,14,740.96**
	पूंजीगत		**15,418.93**
	उधार और अग्रिम		**311.50**
	अन्तर्राज्यीय समाशोधन		**0.46**

(*)उधार और अन्य दायित्व:–निवल लोक ऋण (प्राप्तियां–वितरण)+निवल आकस्मिकता निधि (प्राप्तियां–वितरण)+निवल लोक लेखा+निवल प्रारंभिक एवं अंत रोकड़ शेष।

1.3.4 रूपया कहाँ से आया



(पूंजीगत प्राप्तियां, अंतर्राज्यीय समाशोधन एवं ऋण की वसूली तथा अग्रिम की राशि नगण्य थी, इसलिए इसे शून्य दर्शाया गया है।)

1.3.5 रूपया कहाँ गया



(उधार और अग्रिम तथा अंतर्राज्यीय समाशोधन की राशि नगण्य थी, इसलिए इसे शून्य दर्शाया गया है।)

1.3.6. विनियोग लेखे

संविधान के अंतर्गत यह प्रावधान है कि कोई भी व्यय विधायिका के प्राधिकरण के बिना नहीं किया जा सकता है। संविधान में वर्णित कुछ ऐसे व्ययों को छोड़कर, जिन्हें समेकित निधि को प्रभारित किया जाता है तथा जिन्हें विधायिका के वोट के बिना किया जा सकता है, बाकी अन्य सभी व्यय का 'दत्तमत' होना आवश्यक है। छत्तीसगढ़ सरकार की बजट में 44 प्रभारित विनियोजन तथा 69 दत्तमत अनुदान हैं। विनियोग लेखाओं का उद्देश्य यह दर्शाना है कि विनियोग के साथ संकलित किए गए वास्तविक व्यय को किस सीमा तक प्रतिवर्ष के विनियोग अधिनियम के माध्यम से विधायिका द्वारा प्राधिकृत किया गया है।

1.3.7. बजट तैयारी की दक्षता

वर्ष के अंत में, छत्तीसगढ़ सरकार का सकल व्यय, विधानमंडल द्वारा स्वीकृत बजट के विरूद्ध ₹ 6,493.82 करोड़ (₹ 1,64,881.69 करोड़ के बजट अनुमानों का 3.94 प्रतिशत) की निवल बचत और ₹ 475.02 करोड़ का आधिक्य (₹ 3,328.05 करोड़ के बजट अनुमानों का 14.27 प्रतिशत) दर्शाया गया है। चिकित्सा शिक्षा विभाग, राज्य विधानमंडल, परिवहन से संबंधित कुछ अनुदानों में पर्याप्त बचत प्रदर्शित हुई।

1.4 निधियों के स्रोत एवं अनुप्रयोग

1.4.1 अर्थोपाय अग्रिम

भारतीय रिजर्व बैंक के साथ बनाए रखे जाने वाले अपेक्षित न्यूनतम नकद शेषों (₹ 0.72 करोड़) में कमी को पूरा करने के लिए सरकार द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक से अर्थोपाय अग्रिम लिये जाते है। वर्ष 2023–24 के दौरान, राज्य शासन ने ₹ 16,671.01 करोड़ की विशेष आहरण सुविधा का लाभ लिया एवं इस सुविधा के द्वारा रोकड़ शेष को 99 दिनों के लिए संधारित किया गया है।

1.4.2 *भारतीय रिजर्व बैंक से ओवरड्राफ्ट*

भारतीय रिजर्व बैंक के साथ बनाये रखे जाने वाले न्यूनतम नकद शेषों (₹ 0.72 करोड़) में कमी को पूरा करने के लिये राज्य सरकार द्वारा अर्थोपाय अग्रिम लेने के बावजूद यदि कमी रहती है तो भारतीय रिजर्व बैंक से ओवरड्राफ्ट लिया जाता है। वर्ष 2023–24 के दौरान राज्य सरकार द्वारा कोई भी ओवरड्राफ्ट नहीं लिया गया।

1.4.3 *निधियों के प्रवाह का विवरण*

31 मार्च 2024 की स्थिति में राज्य के पास ₹ 11,232.76 करोड़ का राजस्व घाटा एवं ₹ 26,933.03 करोड़ का राजकोषीय घाटा था, जो सकल राज्य घरेलू उत्पाद* का 2.22 प्रतिशत एवं 5.32 प्रतिशत है। राज्य सरकार द्वारा वेतन में ₹ 27,788.33 करोड़, ब्याज भुगतान में ₹ 7,530.73 करोड़, पेंशन में ₹ 8,839.95 करोड़, आर्थिक सहायता में ₹ 10,796.88 करोड़ एवं सहायता अनुदान में ₹ 49,566.05 करोड़ व्यय किए गए हैं।

(*वर्ष 2023–24 का सकल राज्य घरेलू उत्पाद ₹ 5,05,886.51 करोड़ था तथा ऑकड़े आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय की वेवसाईट से लिए गए हैं।)

निधियों के स्रोत एवं अनुप्रयोग		
	विवरण	**राशि *(₹ करोड़ में)***
स्त्रोत	01.04.2023 को प्रारंभिक नकद शेष	215.63
	राजस्व प्राप्तियां	1,03,508.20
	पूंजीगत प्राप्तियां	5.01
	कर्ज तथा अग्रिमों की वसूलियां	24.96
	लोक ऋण	54,049.72
	अल्प बचतें, भविष्य निधियां आदि	3,222.13
	आरक्षित एवं शोधन निधियां	7,292.47
	जमा प्राप्ति	2,848.20
	सिविल अग्रिम प्राप्ति	712.10
	उचन्त लेखे	2,00,606.38
	प्रेषण	5,309.37
	अन्तर्राज्यीय समाशोधन	0.65
	आकस्मिकता निधि	(–)13.47
	योग	**3,77,781.35**
अनुप्रयोग	राजस्व व्यय	1,14,740.96
	पूंजीगत व्यय	*15,418.93
	प्रदत्त ऋण एवं अग्रिम	311.50
	लोक ऋण का पुर्नभुगतान	24,112.96
	अल्प बचतें, भविष्य निधियां आदि	1,700.40
	आरक्षित तथा शोधन निधियां	6,526.46
	जमा वापसी	2,589.77
	प्रदत्त सिविल अग्रिम	712.20
	उचंत लेखे एवं विविध	2,06,111.10
	प्रेषण	5,362.21
	अन्तर्राज्यीय समाशोधन	0.46
	31.03.2024 को नकद अंतशेष	194.40
	योग	**3,77,781.35**

* ₹ 3,597.45 करोड़ पूजीगत संपत्ति के निर्माण के लिए, सहायता अनुदान ₹ 10.00 करोड़, वेतन भुगतान ₹ 64.14 करोड एवं ₹ 54.94 करोड़ कार्य–भारित/आकस्मिक स्थापना के अंतर्गत व्यय सम्मिलित है।

घाटा एवं आधिक्य क्या इंगित करते हैं?	
घाटा	राजस्व तथा व्यय के बीच के अंतर से संबंधित है। घाटे का स्वरूप, घाटा वित्त पोषन कैसे हो तथा निधियों का अनुप्रयोग वित्तीय–प्रबंधन में दूरदर्शिता के महत्वपूर्ण संकेतक हैं।
राजस्व घाटा/आधिक्य	राजस्व प्राप्तियां एवं राजस्व व्यय के बीच के अन्तर को दर्शाता है। राजस्व व्यय की आवश्यकता सरकार की वर्तमान स्थापना के रख–रखाव हेतु होती है तथा आदर्श स्वरूप राजस्व प्राप्तियों से ही इसे पूर्णतया वहन किया जाना चाहिए।
राजकोषीय घाटा/आधिक्य	सकल प्राप्तियों (उधारियों को छोड़कर) तथा सकल व्यय के बीच के अंतर को दर्शाता है। यह अंतर, इसलिए, यह इंगित करता है कि व्यय को किस हद तक उधारी द्वारा वित्तपोषित किया गया और आदर्श स्वरूप इसे पूंजीगत परियोजनाओं में निवेशित किया जाना चाहिए।

1.5 राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन (एफ.आर.बी.एम.) अधिनियम, 2005

घाटा संकेतक, राजस्व संवर्धन तथा व्यय प्रबंधन सरकार की राजकोषीय कार्यशैली को जाँचने के मुख्य मापदंड हैं। छत्तीसगढ़ शासन ने राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन (एफ.आर.बी.एम.) अधिनियम, 2005 को लागू किया है। इस अधिनियम के अंतर्गत राज्य शासन द्वारा निर्दिष्ट अवधि में नियत राजकोषीय लक्ष्यों को प्राप्त करना था। वर्ष 2023–24 के दौरान अधिनियम तथा इसके अंतर्गत बनाये नियमों में दिए राजकोषीय लक्ष्यों पर उपलब्धियां निम्न प्रकार थी:–

क्र.सं.	वित्तीय मापदण्ड	वास्तविक (₹ करोड़ में)	जी.एस.डी.पी. का अनुपात*	
			लक्ष्य	उपलब्धि
1	राजस्व घाटा/ अधिशेष	11,232.76	अधिशेष	घाटा (अप्राप्त)
2	राजकोषीय घाटा	26,933.03	2.99 या कम	5.32 (अप्राप्त)
3	ऋण और अन्य दायित्व	1,34,179.36**	20.41 या कम	26.52 (अप्राप्त)

* वर्ष 2023–24 के सकल राज्य घरेलू उत्पाद ₹ 5,05,886.51 करोड़ की जानकारी आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा उपलब्ध कराई गई है।

** राज्य के पुर्नभुगतान दायित्वों के बिना राज्य शासन को वर्ष 2021–22 के दौरान वस्तु एवं सेवाकर कमी के एवज में ऋण प्राप्ति के रूप में प्रदत्त ₹ 8,074.15 करोड़ में वर्ष 2020–21 (₹ 3,109.00 करोड़) एवं वर्ष 2021–22 (₹ 4,965.15 करोड़) का बैक–टू–बैक ऋण सम्मिलित है।

राज्य शासन ने छत्तीसगढ़ राजकोषीय उत्तरदायित्व तथा बजट अधिनियम, 2005 के अंतर्गत आवश्यक प्रकटीकरण विधानमंडल में प्रस्तुत किये।

वर्ष 2023–24 में राज्य शासन का राजस्व घाटा ₹ 11,232.76 करोड़ था जो कि एफ.आर.बी.एम. अधिनियम के लक्ष्यों के अनुरूप नही था। वर्ष 2022–23 में राजकोषीय घाटा ₹ 4,691.21 करोड़ था जो ₹ 22,241.82 करोड़ बढ़कर वर्तमान वित्त वर्ष में ₹ 26,933.03 करोड़ हो गया जो कि एफ.आर.बी.एम. अधिनियम के 2.99 प्रतिशत के लक्ष्य को पूर्ण नही करते हुए जी.एस.डी.पी. का 5.32 प्रतिशत रहा।

1.5.1 राजस्व घाटे/आधिक्य के रुझान



1.5.2 राजकोषीय घाटे का रुझान



1.5.3 उधार निधि से पूंजीगत व्यय पर खर्च का अनुपात

(₹ करोड़ में)

वर्ष	उधार निधि	पूंजीगत व्यय
2019–20	19,587.53	8,566.39
2020–21	21,581.68	9,024.19
2021–22	15,098.28	10,504.22
2022–23	10,638.74	13,320.30
2023–24	54,049.72	15,418.93



सरकार आमतौर पर राजकोषीय घाटे पर चलती है और पूंजी/परिसंपत्तियां बनाने के लिए या आर्थिक और सामाजिक अधोसंरचना के सृजन के लिए धन उधार लेती है, ताकि उधार के माध्यम से बनाई गई संपत्ति से आय प्राप्त करें जिससे ऋण का भुगतान स्वयं कर सके। इस प्रकार पूंजीगत परिसंपत्तियों के सृजन के लिए उधार ली गई निधियों का पूरी तरह उपयोग करना और मूलधन एवं ब्याज की अदायगी के लिए राजस्व प्राप्तियों का उपयोग करना वांछित है। राज्य शासन ने वर्तमान वर्ष में ₹ 54,049.72 करोड़ के उधार की निधियों में से ₹ 15,418.93 करोड़ पूंजीगत व्यय पर खर्च किए।

अध्याय–2

प्राप्तियाँ

2.1 भूमिका

सरकार की प्राप्तियों को राजस्व प्राप्तियों एवं पूंजीगत प्राप्तियों में वर्गीकृत किया जाता है। वर्ष 2023–24 में कुल प्राप्तियां ₹ 1,30,471.85 करोड़ थी।

2.2 राजस्व प्राप्तियां

सरकार के राजस्व प्राप्तियों के मुख्यतः तीन घटक हैं:–कर राजस्व, गैर कर राजस्व तथा संघ सरकार द्वारा प्रदत्त सहायता अनुदान।

कर राजस्व	इसके अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा एकत्रित तथा प्रतिधारित कर एवं संविधान के अनुच्छेद 280 (3) के अंतर्गत केन्द्रीय करों मै राज्यों का हिस्सा सम्मिलित होता है।
गैर कर–राजस्व	इसके अतंर्गत ब्याज प्राप्तियां, लाभांश, लाभ, विभागीय प्राप्तियां आदि सम्मिलित होते हैं।
सहायता अनुदान	सहायता अनुदान संघ सरकार द्वारा राज्य सरकार को दी गई केन्द्रीय–सहायता को अभिव्यक्त करते हैं। इसमें विदेश सरकार से प्राप्त तथा केन्द्र सरकार के माध्यम से सारणीबद्ध ''वैदेशिक सहायता अनुदान'' तथा सहायता, सहायता–सामग्री व उपकरण भी शामिल हैं। बदले में, राज्य सरकार विभिन्न संस्थाओं जैसे पंचायती राज संस्थानों, स्वायत्त निकायों आदि को सहायता अनुदान देती है।

2.2.1 राजस्व प्राप्तियों के घटक (2023–24)

(₹ करोड़ में)

घटक	वास्तविक आंकड़े	राजस्व प्राप्तियों का प्रतिशत
क. कर राजस्व	**77,268.10**	**74.65**
वस्तु तथा सेवा कर	25,472.05	**24.61**
आय व व्यय पर कर	24,890.71	**24.05**
सम्पत्ति तथा पूंजीगत लेनदेनों पर कर	3,341.99	**3.23**
व्यापारिक वस्तुओं व सेवाओं पर कर	23,563.35	**22.76**
ख. गैर कर–राजस्व	**15,147.97**	**14.63**
ब्याज प्राप्तियां, लाभांश व लाभ	179.00	**0.17**
सामान्य सेवाएं	155.74	**0.15**
सामाजिक सेवाएं	315.48	**0.30**
आर्थिक सेवाएं	14,497.75	**14.01**
ग. सहायता अनुदान एवं अंशदान	**11,092.13**	**10.72**
योग–राजस्व प्राप्तियां	**1,03,508.20**	**100**

वर्ष 2023–24 के दौरान प्राप्त राजस्व प्राप्तियों में 74.65 प्रतिशत कर राजस्व और 14.63 प्रतिशत गैर कर राजस्व सम्मिलित है जबकि शेष 10.72 प्रतिशत सहायता अनुदान से प्राप्त किया गया।



2.2.2 राजस्व प्राप्तियों का रूझान

(₹ करोड़ में)

विवरण	2019–20	2020–21	2021–22	2022–23	2023–24
कर राजस्व (राज्य द्वारा संग्रहित)	22,117.85 (6.72)	22,889.20 (6.53)	27,083.73 (6.77)	33,122.31 (7.24)	**38,786.22 (7.67)**
संघ के करों / शुल्कों में राज्य का हिस्सा	20,205.84 (6.14)	20,337.54 (5.81)	28,570.79 (7.14)	32,358.26 (7.07)	**38,481.88 (7.61)**
गैर कर–राजस्व	7,933.77 (2.41)	7,136.95 (2.04)	13,851.21 (3.46)	15,248.24 (3.33)	**15,147.97 (2.99)**
सहायता अनुदान	13,611.24 (4.13)	12,812.49 (3.66)	10,146.30 (2.54)	13,148.33 (2.87)	**11,092.13 (2.19)**
कुल– राजस्व प्राप्तियां	**63,868.70 (19.40)**	**63,176.18 (18.04)**	**79,652.03 (19.91)**	**93,877.14 (20.51)**	**1,03,508.20 (20.46)**
जी.एस.डी.पी.	**3,29,180.00**	**3,50,270.00**	**4,00,060.80**	**4,57,608.26**	**5,05,886.51**

टिप्पणी:–: लघु कोष्ठक में दिए गए आंकड़े सकल राज्य घरेलू उत्पाद से प्रतिशतता दर्शाते हैं।

पिछले वर्ष की तुलना में वर्ष 2023–24 में सकल राज्य घरेलू उत्पाद में 10.55 प्रतिशत की वृद्धि हुई। साथ ही राजस्व प्राप्ति में 10.26 प्रतिशत एवं कर राजस्व में 17.10 प्रतिशत की वृद्धि तथा गैर कर राजस्व में 0.66, एवं सहायता अनुदान में 15.64 प्रतिशत की कमी हुई।



2.3 कर राजस्व

(₹ करोड़ में)

क्षेत्रवार राजस्व प्राप्तियां					
विवरण	2019–20	2020–21	2021–22	2022–23	2023–24
वस्तु तथा सेवा कर	13,628.53 (4.14)	13,993.91 (4.00)	18,111.98 (4.53)	20,440.31 (4.47)	**25,472.05 (5.04)**
आय व व्यय पर कर	12,288.57 (3.73)	12,387.54 (3.54)	16,588.55 (4.15)	21,442.38 (4.69)	**24,890.71 (4.92)**
सम्पत्ति तथा पूंजीगत लेन देनों पर कर	2,186.43 (0.66)	2,522.65 (0.72)	2,896.82 (0.72)	3,097.20 (0.68)	**3,341.99 (0.66)**
व्यापारिक वस्तुओं व सेवाओं पर कर	14,220.16 (4.32)	14,322.62 (4.09)	18,057.17 (4.51)	20,500.68 (4.48)	**23,563.35 (4.66)**
कुल–कर राजस्व	**42,323.69 (12.86)**	**43,226.74 (12.34)**	**55,654.52 (13.91)**	**65,480.57 (14.31)**	**77,268.10 (15.27)**
जी.एस.डी.पी.	**3,29,180.00**	**3,50,270.00**	**4,00,060.80**	**4,57,608.26**	**5,05,886.51**

टिप्पणीः– लघु कोष्ठक में दिए गए आंकड़े सकल राज्य घरेलू उत्पाद से प्रतिशतता दर्शाते हैं।

वर्ष 2023–24 के दौरान, राज्य शासन का कर राजस्व 2022–23 में प्राप्त ₹ 65,480.57 करोड़ से 18.00 प्रतिशत वृद्धि होकर ₹ 77,268.10 करोड़ रहा। यह वृद्धि मुख्यतः वस्तु एवं सेवा कर (₹ 25,472.05 करोड़) एवं व्यापारिक वस्तुओं व सेवाओं पर कर (₹ 23,563.35 करोड़) आदि के तहत अधिक प्राप्त होने के कारणों से हुई।



2.3.1 राज्य के स्वयं के कर एवं संघीय करों में राज्य का हिस्सा

राज्य सरकार का कर राजस्व दो स्रोतों अर्थात राज्य के स्वंय के कर संग्रह और संघ करों के अंतरण से आता है।

(₹ करोड़ में)

वर्ष	कर राजस्व	संघ करों में राज्य का अंश	राज्य के स्वंय का कर राजस्व	
			कर राजस्व	सकल राज्य घरेलू उत्पाद से प्रतिशत
2019–20	42,323.69	20,205.84	22,117.85	6.72
2020–21	43,226.74	20,337.54	22,889.20	6.53
2021–22	55,654.52	28,570.79	27,083.73	6.77
2022–23	65,480.57	32,358.26	33,122.31	7.24
2023–24	77,268.10	38,481.88	38,786.22	7.67

निम्नलिखित सारणी पांच वर्षों की अवधि में दोनों स्रोतों से प्राप्त कर राजस्व राशि की तुलनात्मक स्थिति को दर्शाती है–

(₹ करोड़ में)

विवरण	2019–20	2020–21	2021–22	2022–23	2023–24
राज्य का स्वयं कर संग्रहण	22,117.85	22,889.20	27,083.73	33,122.31	**38,786.22**
संघ करों का अंतरण	20,205.84	20,337.54	28,570.79	32,358.26	**38,481.88**
कुल कर राजस्व	42,323.69	43,226.74	55,654.52	65,480.57	**77,268.10**
कुल कर राजस्व में राज्य के स्वयं के कर का प्रतिशत	**52**	**53**	**49**	**51**	**50**

सम्पूर्ण कर राजस्व में राज्य के स्वयं के कर संग्रहण का अनुपात वर्ष 2019–20 में 52 प्रतिशत से बढ़कर 2020–21 में 53 प्रतिशत एवं 2021–22 में घटकर 49 प्रतिशत रहा। तद्परांत पुनः वर्ष 2022–23 में यह बढ़कर 51 प्रतिशत रहा तथा वर्ष 2023–24 में घटकर 50 प्रतिशत रहा। वर्ष 2023–24 के दौरान संघ कर के अंतरण की कुल राशि में वर्ष 2022–23 की तुलना में 18.92 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

2.3.2 पिछले पांच वर्षों के दौरान राज्य के स्वयं के कर संग्रहण का रूझान

(₹ करोड़ में)

कर	2019–20	2020–21	2021–22	2022–23	2023–24
1. बिक्री एवं व्यापार आदि पर कर	3,931.37	4,236.04	5,341.10	6,450.03	**6,513.48**
2. राज्य उत्पाद शुल्क	4,952.36	4,635.80	5,106.61	6,782.70	**8,430.41**
3. वाहनों पर कर	1,274.85	1,148.07	1,372.51	1,756.62	**2,048.20**
4. स्टांप तथा पंजीकरण शुल्क	1,634.63	1,584.94	1,945.36	2,228.64	**2,494.18**
5. विद्युत पर कर एवं शुल्क	1,837.00	2,341.41	2,836.05	3,676.97	**4,584.76**
6. भू–राजस्व	551.50	937.71	949.94	868.56	**847.80**
7. माल तथा यात्री कर	40.51	79.83	47.90	59.60	**73.28**
8. राज्य वस्तु एवं सेवा कर	7,894.82	7,925.01	9,483.48	11,298.14	**13,793.29**
9. अन्य कर	0.81	0.39	0.78	1.05	**0.82**
राज्य के स्वयं के कुल कर	22,117.85	22,889.20	27,083.73	33,122.31	38,786.22

2.4 कर वसूली पर लागत

(₹ करोड़ में)

कर	2019–20	2020–21	2021–22	2022–23	2023–24
1. बिक्री, व्यापार आदि पर कर (0040) एवं (2040)					
राजस्व संग्रहण	3,931.37	4,236.04	5,341.10	6,450.03	6,513.48
संग्रहण पर व्यय	69.36	68.06	74.82	88.95	95.71
कर वसूली पर लागत(%)	1.76	1.61	1.40	1.38	1.47
2. राज्य उत्पाद शुल्क (0039) एवं (2039)					
राजस्व संग्रहण	4,952.36	4,635.80	5,106.61	6,782.70	8,430.41
संग्रहण पर व्यय	73.98	70.14	75.05	83.97	94.24
कर वसूली पर लागत(%)	1.49	1.51	1.47	1.24	1.12
3. वाहन, वस्तु तथा यात्री कर (0041) एवं (2041)					
राजस्व संग्रहण	1,274.85	1,148.07	1,372.51	1,756.62	2,048.20
संग्रहण पर व्यय	21.41	21.66	21.89	29.66	34.75
कर वसूली पर लागत(%)	1.68	1.89	1.59	1.69	1.70
4. स्टांप तथा पंजीकरण शुल्क (0030) एवं (2030)					
राजस्व संग्रहण	1,634.63	1,584.94	1,945.36	2,228.64	2,494.18
संग्रहण पर व्यय	20.00	21.02	24.82	26.20	28.84
कर वसूली पर लागत(%)	1.22	1.33	1.28	1.18	1.16

पूर्व वर्ष की तुलना मे वर्ष 2023–24 के दौरान ''बिक्री, व्यापार'' आदि पर कर वसूली लागत एवं ''वाहन कर'' पर कर वसूली लागत पिछले वर्ष की तुलना मे वृद्धि क्रमशः 1.38 प्रतिशत से 1.47 प्रतिशत एवं 1.69 प्रतिशत से 1.70 प्रतिशत रही, ''राज्य उत्पाद शुल्क'' तथा ''स्टाम्प एवं पंजीकरण शुल्क'' पर कर वसूली लागत में कमी क्रमशः 1.24 प्रतिशत से 1.12 प्रतिशत एवं 1.18 प्रतिशत से 1.16 प्रतिशत रही।

2.5 संघीय करों में राज्य के अंश का पिछले पांच वर्षों का रूझान

(₹ करोड़ में)

विवरण	2019–20	2020–21	2021–22	2022–23	2023–24
केन्द्रीय वस्तु एवं सेवा कर	5,733.71	6,068.90	8,628.50	9,142.17	11,678.76
एकीकृत वस्तु एवं सेवा कर	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
निगम कर	6,889.42	6,117.65	7,699.82	10,851.70	11,550.56
निगम कर के अतिरिक्त आय पर कर	5,398.34	6,269.51	8,887.95	10,589.64	13,339.34
आय एवं व्यय पर अन्य कर	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
सम्पत्ति कर	0.30	0.00	1.52	0.00	0.00
सीमा शुल्क	1,280.78	1,097.20	2,017.68	1,271.87	1,348.55
संघ उत्पाद शुल्क	890.49	686.04	1,009.06	399.02	510.32
सेवा कर	0.00	84.52	296.68	50.61	7.18
वस्तुओं तथा सेवाओं पर अन्य कर तथा शुल्क	12.80	13.72	29.58	53.25	47.17
संघीय करों का राज्यांश	**20,205.84**	**20,337.54**	**28,570.79**	**32,358.26**	**38,481.88**
कुल राजस्व कर	**42,323.69**	**43,226.74**	**55,654.52**	**65,480.57**	**77,268.10**
कुल कर राजस्व में संघीय करों का प्रतिशत	48	47	51	49	50

संघीय करों में राज्यांश वर्ष 2019–20 में ₹ 20,205.84 करोड़ से बढ़कर वर्ष 2023–24 में ₹ 38,481.88 करोड़ हो गया।

2.6 सहायता अनुदान

सहायता अनुदान, भारत सरकार से प्राप्त सहायता राशि को अभिव्यक्त करते हैं तथा इसमें नीति आयोग द्वारा अनुमोदित राज्य योजना, केन्द्रीय योजना तथा केन्द्र प्रायोजित योजना के अंतर्गत प्रदत्त अनुदान तथा वित्त आयोग द्वारा संस्तुत किए गए राज्य अनुदान समाहित है।

वर्ष 2023–24 के दौरान सहायता अनुदान के अंतर्गत कुल प्राप्तियां ₹ 11,092.13 करोड़ थी, जो नीचे दर्शायी गयी है:–



वर्ष 2019–20 से आयोजना और आयोजनेत्तर योजनाओं के बीच अंतर के समाप्त होने के कारण भारत सरकार से प्राप्त सहायता अनुदानों को तीन श्रेणियों अर्थात ''केन्द्रीय प्रायोजित योजनाओं के लिए अनुदान'', ''वित्त आयोग अनुदान'' और ''राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों (विधानमंडल सहित) को अन्य हस्तांतरण/अनुदान'' में प्राप्त किया जाता है। भारत सरकार से प्राप्त सहायता अनुदान वर्ष 2022–23 में ₹ 13,148.33 करोड़ से घटकर वर्ष 2023–24 में ₹ 11,092.13 करोड़ हो गया अर्थात इसमें कुल 15.64 प्रतिशत की कमी हुई।



2.7 लोक ऋण

पिछले पांच वर्षों में लोक ऋण का रूझानः–

(₹ करोड़ में)

विवरण	2019–20	2020–21	2021–22	2022–23	2023–24
आंतरिक ऋण	60,382.67	70,538.81	71,186.62	68,754.84	95,140.17
केन्द्रीय ऋण	2,764.05	6,169.30	11,726.15	15,195.95	18,747.38
योग	**63,146.72**	**76,708.11**	**82,912.77**	**83,950.79**	**1,13,887.55**

वर्ष 2023–24 में खुले बाजार से 7.29 प्रतिशत से 7.74 प्रतिशत की ब्याज दर पर ₹ 32,000.00 करोड़ के 32 ऋण लिए गए जो वर्ष 2029 से 2035 की अवधि में प्रतिदेय हैं। साथ ही राज्य सरकार ने नाबार्ड से ₹ 1,505.14 करोड़ एवं ₹ 16,671.01 करोड़ विशेष आहरण सुविधा के रूप में ऋण लिया। अतः वर्ष 2023–24 में शासन द्वारा लिए गए आंतरिक ऋण में ₹ 50,258.45 करोड की वृद्धि हुई। शासन ने भारत सरकार से ऋण एवं अग्रिम के रूप में ₹ 3,791.28 करोड़ का ऋण भी प्राप्त किया।

2.7.1 ऋण सेवा अनुपात

(₹ करोड़ में)

विवरण	वर्ष के दौरान विमुक्त राशि	ब्याज भुगतान	कुल सेवा भुगतान	31.03.2024 को अंत शेष	ऋण सेवा अनुपात
6003–राज्य सरकार का आंतरिक ऋण	23,873.11	5,002.67	28,875.78	95,140.17	30.35:1000
6004–केन्द्र सरकार से प्राप्त ऋण तथा अग्रिम	239.85	259.55	499.40	18,747.38	2.66:100
कुल लोक ऋण	**24,112.96**	**5,262.22**	**29,375.18**	**1,13,887.55**	**25.79:100**

2.8 पिछले पांच वर्षों के दौरान निवल लोक ऋण का रूझान

नीचे दी गई सारणी पिछले वर्षों की तुलना में लोक ऋण की निवल वृद्धि को प्रदर्शित करती है जिसकी गणना पिछले वर्ष के अंतिम शेष, वर्ष के दौरान प्राप्तियां एवं भुगतान को ध्यान में रखकर की जाती है।

(₹ करोड़ में)

मद	2019–20	2020–21	2021–22	2022–23	2023–24
आंतरिक ऋण	10,828.83	10,156.14	696.13	(–)2,431.78	26,385.33
केन्द्रीय ऋण	63.67	3,405.25	5,556.85	3,469.80	3,551.43
कुल लोक ऋण	**10,892.50**	**13,561.39**	**6,252.98**	**1,038.02**	**29,936.76**

टीपः–1. ऋणात्मक आंकड़ें प्राप्तियों से अधिक पुनर्भुगतान किया जाना दर्शाता है।
2. शुद्ध आंकड़ें =प्राप्ति–वितरण।

2.9 उधार की निधियां तथा पूंजीगत व्यय

(₹ करोड़ में)

वर्ष	उधार निधि	पूंजीगत व्यय
2019–20	19,587.53	8,566.39
2020–21	21,581.68	9,024.19
2021–22	15,098.28	10,504.22
2022–23	10,638.74	13,320.30
2023–24	54,049.72	15,418.93



अध्याय–III

व्यय

3.1 भूमिका

व्यय को राजस्व व्यय तथा पूंजीगत व्यय के रूप में वर्गीकृत किया गया है। राजस्व व्यय का उपयोग सरकारी तंत्र के दैनिक कार्य–संचालन के लिए किया जाता है। पूंजीगत व्यय को स्थाई परिसंपत्तियों के सृजन अथवा ऐसी परिसंपतियों की उपयोगिता मे वृद्धि या स्थाई दायित्वों को कम करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है।

सरकारी लेखों में व्यय को मुख्यतः तीन खण्डों में बॉटा गया हैः– सामान्य सेवायें, सामाजिक सेवायें तथा आर्थिक सेवायें। इन खण्डों के अंतर्गत आने वाले मुख्य क्षेत्रों में व्यय को निम्न सारणी में दर्शाया गया है।

सामान्य सेवाएं	इसमें न्याय, पुलिस, जेल, लोक निर्माण, ब्याज, पेंशन आदि सम्मिलित है।
सामाजिक सेवाएं	इसमें शिक्षा, स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण, जलापूर्ति तथा अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याण इत्यादि सम्मिलित है।
आर्थिक सेवाएं	इसमें कृषि, ग्रामीण विकास, सिंचाई, सहकारिता, उर्जा, उद्योग, परिवहन इत्यादि सम्मिलित है।

3.2 राजस्व व्यय

छत्तीसगढ़ शासन के विगत पॉच वर्षों के बजट अनुमान के विरूद्ध वास्तविक व्यय के मध्य अन्तर का प्रतिशत निम्नानुसार हैः–

(₹ करोड़ में)

विवरण	2019–20	2020–21	2021–22	2022–23	2023–24
बजट अनुमान	78,594.53	81,399.95	83,027.55	88,371.61	**1,02,500.70**
वास्तविक व्यय	73,477.31	70,032.84	75,010.01	85,285.03	**1,14,740.96**
अन्तर	5,117.22	11,367.11	8,017.54	3,086.58	**12,240.26**
बजट अनुमान से वास्तविक के अन्तर का प्रतिशत	**7**	**14**	**10**	**3**	**12**

उपर की सारणी से स्पष्ट है कि बजट अनुमान से वास्तविक व्यय के अन्तर का प्रतिशत वर्ष 2020–21 से 2023–24 तक बढ़ने की प्रवृति दर्शा रहा।

3.2.1 प्रतिबद्ध राजस्व व्यय

वर्ष 2023–24 के दौरान कुल राजस्व व्यय के लगभग 49 प्रतिशत वेतन एवं मजदूरी पर (₹ 28,748.91 करोड़), ब्याज अदायगी पर (₹ 7,357.93 करोड़), पेंशन पर (₹ 8,839.95 करोड़) तथा अनुदान पर (₹ 10,796.88 करोड़) खर्च किया गया जो कि राज्य सरकार की प्रतिबद्ध देयताएं हैं।

विगत पांच वर्षो के प्रतिबद्ध एवं अप्रतिबद्ध राजस्व व्यय की स्थिति का विवरण निम्नवत् हैः–

(₹ करोड़ में)

घटक	2019–20	2020–21	2021–22	2022–23	2023–24
कुल राजस्व व्यय	73,477.31	70,032.84	75,010.01	85,285.03	1,14,740.96
प्रतिबद्ध राजस्व व्यय*	44,695.03	42,113.16	44,314.85	48,795.15	55,743.67
कुल राजस्व व्यय में से प्रतिबद्ध राजस्व व्यय का प्रतिशत	61	60	59	57	49
अप्रतिबद्ध राजस्व व्यय	28,782.28	27,919.68	30,695.16	36,489.88	58,997.29

**प्रतिबद्ध राजस्व व्यय में वेतन एवं निर्माण प्रभार/आकस्मिक स्थापना, मजदूरी, ब्याज अदायगी, पेंशन एवं अनुदान का व्यय सम्मिलित हैं।*

यह देखा जा सकता है कि कुल राजस्व व्यय में से विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए उपलब्ध अप्रतिबद्ध राजस्व व्यय वर्ष 2019–20 की तुलना में ₹ 28,782.28 करोड़ से 104.98 प्रतिशत बढ़कर 2023–24 में ₹ 58,997.29 करोड़ हो गया।

कुल राजस्व व्यय वर्ष 2019–20 की तुलना में ₹ 73,477.31 करोड़ से 56.16 प्रतिशत बढ़कर 2023–24 में ₹ 1,14,740.96 करोड़ हो गया तथा उसी अवधि के लिए प्रतिबद्ध राजस्व व्यय में 24.72 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

3.2.2 राजस्व व्यय का क्षेत्र–वार विवरण वर्ष 2023–24

(₹ करोड़ में)

घटक	राशि	प्रतिशत
1. राज्य के अंग	**1,055.95**	**0.92**
2. सामाजिक सेवाएं	**1,730.01**	**1.51**
(i) सम्पत्ति तथा पूंजीगत लेनदेन पर कर संग्रहण	1,078.68	–
(ii) वस्तुओं तथा सेवाओं पर कर संग्रहण	651.33	–
(iii) अन्य राजकोषीय सेवाएं	0.00	–
3. ब्याज अदायगी तथा ऋण सेवाएं	**7,213.34**	**6.29**
4.प्रशासनिक सेवाएं	**7,118.20**	**6.20**
5.पेंशन तथा विविध सामान्य सेवाएं	**9,122.51**	**7.95**
6.सामाजिक सेवाएं	**39,411.93**	**34.35**
7. आर्थिक सेवाएं	**47,791.44**	**41.65**
8. सहायता अनुदान तथा अंशदान	**1,297.57**	**1.13**
कुल व्यय (राजस्व लेखा)	**1,14,740.96**	**100**

उपर की सारणी से स्पष्ट है कि राज्य शासन ने अन्य क्षेत्रों की तुलना में आर्थिक क्षेत्र एवं सामाजिक क्षेत्र को प्राथमिकता दी है तथा कुल व्यय का क्रमशः 34.35 एवं 41.65 प्रतिशत व्यय इन पर किया गया है।

3.2.3 राजस्व व्यय के मुख्य घटक (वर्ष 2019–20 से 2023–24)

(₹ करोड़ में)

क्र.सं.	घटक	2019–20	2020–21	2021–22	2022–23	2023–24
1.	सामान्य सेवाएं* (ऋण सेवाओं पर व्यय के अतिरिक्त)	14,980.32	14,803.38	16,043.94	17,185.70	27,537.58
2.	सामाजिक सेवाएं	26,652.57	25,066.17	27,963.74	31,818.05	39,411.93
3.	आर्थिक सेवाएं	26,609.08	24,255.18	24,558.09	29,499.21	47,791.44
4.	ऋण सेवाएं	5,235.34	5,908.11	6,444.24	6,782.08	7,213.34

*सहायता अनुदान तथा अंशदान सम्मिलित है।



* सामान्य सेवाएं में ऋण शोधन (मु.शी. 2048) एवं ब्याज अदायगी (मू.शी. 2049) की राशि सम्मिलित नहीं है, स्थानीय निकायों को क्षतिपूर्ति एवं समानुदेशन (मु.शी. 3604) की राशि सम्मिलित की गई है।

3.3 पूंजीगत व्यय

पूंजीगत व्यय वृद्धि प्रकिया को लगातार बनाये रखने के लिए अत्यंत जरूरी है। वर्ष 2023–24 में ₹ 15,730.89 करोड़ (स.रा.घ.ऊ. का 3.11 प्रतिशत) के पूंजीगत व्यय बजट अनुमानों से ₹ 3,268.66 करोड़ कम थे। हालांकि पूजीगत व्यय वर्ष 2019–20 के पश्चात् इसमें लगातार वृद्धि पाई गई है। पूंजीगत व्यय में पिछले वर्ष के तुलना में 17.34 प्रतिशत की वृद्धि पाई गई है। इसे निम्नलिखित सारणी में देखा जा सकता है:–

(₹ करोड़ में)

क्र. सं.	घटक	2019–20	2020–21	2021–22	2022–23	2023–24
1.	बजट अनुमान	12,315.07	14,249.76	14,078.90	15,628.42	18,999.55
2.	वास्तविक व्यय	8,622.50	9,074.69	10,828.28	13,406.26	15,730.89
3.	बजट अनुमान से वास्तविक व्यय का प्रतिशत	70.02	63.68	76.91	85.78	82.80
4.	पूंजीगत व्यय में वार्षिक वृद्धि	(–)5.70	5.24	19.32	23.81	17.34
5	सकल राज्य घरेलू उत्पाद	3,29,180.00	3,50,270.00	4,00,060.80	4,57,608.26	5,05,886.51
6	सकल राज्य घरेलू उत्पाद में वार्षिक वृद्धि	2.41	6.41	14.21	14.38	10.55

3.3.1 पूंजीगत व्यय का क्षेत्र–वार विवरण

वर्ष 2023–24 के दौरान राज्य सरकार द्वारा विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं में ₹ 1,488.03 करोड़ व्यय किया गया जिसमें वृहद सिंचाई में ₹ 450.86 करोड़, मध्यम सिंचाई में ₹ 125.98 करोड़, लघु सिंचाई में ₹ 861.32 करोड़ एवं बाढ़ नियंत्रण में ₹ 49.87 करोड़ व्यय किए गए। इसके अतिरिक्त शासन द्वारा सड़क एवं पुल निर्माण पर ₹ 3,466.99 करोड़ एवं विभिन्न स्थानीय निगमों/शासकीय अभिकरणों/सहकारिताओं में ₹ 90.85 करोड़ निवेश किए गए।

3.3.2 पिछले पांच वर्षों में पूंजीगत व्यय का क्षेत्र–वार वितरण

(₹ करोड़ में)

क्र.सं.	क्षेत्र	2019–20	2020–21	2021–22	2022–23	2023–24
1	सामान्य सेवाएं	194.48 (2)	509.03 (6)	351.61 (3)	754.64 (6)	884.24 (7)
2	सामाजिक सेवाएं	1,912.33 (22)	2,934.64 (32)	3,233.74 (30)	4,988.83 (37)	7,074.24 (45)
3	आर्थिक सेवाएं	6,459.58 (75)	5,580.52 (61)	6,918.87 (64)	7,576.83 (56)	7,460.45 (47)
4	ऋण एवं अग्रिम	56.11 (1)	50.50 (1)	324.06 (3)	85.96 (1)	311.50 (2)
5	अंतर्राज्यीय समाशोधन	–	–	–	(–)0.10	(–)0.46
योग		**8,622.50**	**9,074.69**	**10,828.28**	**13,406.16**	**15,730.89**

नोटः लघु कोष्ठकों के आंकड़े कुल पूंजीगत व्यय से प्रतिशत को दर्शाते हैं।

